भारत सरकार

रेल मंत्रालय

राज्य सभा

28.07.2023 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1103 का उत्तर

ट्रेन के किराए में कटौती

1103. श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या रेलवे ने जुलाई, 2023 में कुछ श्रेणी की ट्रेन टिकटों की दरों में कटौती की है;

(ख) यदि हां, तो उन ट्रेनों/श्रेणियों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार इस बात को ध्यान में रखते हुए कि आम जनता स्वयं को सामान्य श्रेणी और शयनयान श्रेणी में यात्रा करने में आर्थिक रूप से सक्षम पाती है , इन श्रेणियों की दरों को कम करने पर विचार करेगी; और

(घ) गत पांच वर्षों से कितनी ट्रेनों में शयनयान श्रेणी और सामान्य श्रेणी की बोगियों को हटाया गया है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

ट्रेन किराए में कटौती के संबंध में राज्य सभा में 28.07.2023 को श्री राम नाथ ठाकुर के अतारांकित प्रश्न सं. 1103 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित **विवरण।**

(क) से (ग): भारतीय रेल समाज के सभी वर्गों को किफायती सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रयास करती है और 2019-20 में यात्री टिकटों पर 59,837 करोड़ रु. की सब्सिडी दी गई थी। यह रेल में यात्रा करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को दी जाने वाली औसतन 53 % रियायत के बराबर है। यह सब्सिडी सभी यात्रियों के लिए जारी है। गाड़ियों में यात्रा एकमोडेशन का इष्टतम उपयोग करने के लिए किराए का युक्तिकरण करना एक सतत् प्रक्रिया है। 2019 में, क्षेत्र में सभी प्रतिस्पर्धी माध्यमों के रूझान का विश्लेषण करने और भावी अधिभोगिता क्षमता का अनुमान लगाने के बाद कुछ क्षेत्रों में वातानुकूलित चेयर कार और एक्जीक्यूटिव श्रेणी के मूल किराए में अधिकतम 25% तक छूट देने के लिए क्षेत्रीय रेलों को शक्तियां प्रत्यायोजित की गई थी। 08.07.2023 के अनुदेशों के तहत कुछ गौण आशोधनों के साथ उन्हीं प्रावधानों को लागू किया गया है।

(घ): भारतीय रेल यात्री भीड़ और यात्रियों की प्रतीक्षा सूची पर गहन नजर बनाए रखती है और तदनुसार मौजूदा गाड़ियों की संख्या अस्थायी और स्थायी रूप से बढ़ायी जाती है एवं स्पेशल गाड़ियां चलाई जाती हैं जो यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यावहार्यता और संसाधनों की उपलब्धता आदि के अध्यधीन होता है। पिछले पांच वित्त वर्षों में, भीड़भाड़ वाले समय, विशेष तौर पर ग्रीष्मकालीन छुट्टियों, शीतकालीन छुट्टियों, त्योहार के मौसम आदि के दौरान, स्थायी आधार पर कुल 4126 सवारी डिब्बे बढ़ाए गए थे और अस्थायी आधार पर 361078 सवारी डिब्बे लगाए गए थे।

******